प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 27.04.2025 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आतंकवाद के खिलाफ लडाई में सभी भारतीयों की एकजुटता देश की सबसे बडी ताकत हैं उन्होंने सभी से मिलकर देश के सामने आई इस चुनौती का सामना करने के लिए संकल्पों को मजबूत करने का आह्वान कियां श्री मोदी ने आज आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इस वारदात ने देश के हर नागरिक को दुख पंहुचाया हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी को एक राष्ट्र के रूप में दृढ इच्छाशक्ति का प्रदर्शन करना होगां

.....................................................................

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने स्पेस सेक्टर को प्राईवेट सेक्टर के लिए खोल दिया हैं इससे अंतरिक्ष क्षेत्र में नया युग शुरू हुआ है और देश में वर्तमान में 300 से ज्यादा स्पेस स्टार्टअप काम कर रहे हैं उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ये क्षेत्र में बहुत सारी नई संभावनाएं लेकर आयेगां प्रधानमंत्री ने एक पेड मां के नाम अभियान की चर्चा करते हुए कहा कि अभियान के तहत सालभर में लोगों ने मां के नाम 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगायें उन्होंने इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस पर अभियान के एक साल पूरा होने पर ज्यादा से ज्यादा लोगों से अभियान से जुडने का आग्रह कियां

.....................................................................

प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में राजस्थान के किसान जितेन्द्र सिंह राणावत का भी जिक्र कियां जिन्होंने प्रतिकूल प्राकृतिक परिस्थितियों के बावजूद राज्य में लीची उत्पादन में सफलता हासिल कीं उन्होंने कहा कि अगर कुछ नया करने का इरादा किया जाये तो असंभव को भी संभव किया जा सकता हैं श्री मोदी ने राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से बनाये गये सचेत एप के बारे में भी बात कीं उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से मौसम विभाग से जुडे अपडेट्स हर व्यक्ति तक पंहुच सकते हैं इससे किसी भी प्राकृतिक आपदा से निपटने में मदद मिल सकती हैं

.....................................................................

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण–एनआईए ने गृह मंत्रालय के आदेश के बाद पहलगाम आतंकी हमले की जांच औपचारिक रूप से अपने हाथ में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी हैं एनआईए की टीमें बुधवार से ही हमले की जगह पर डेरा डाले हुए हैं और उन्होंने सबूतों की तलाश तेज कर दी हैं एनआईए ने अपने बयान में कहा है कि आईजी, डीआईजी और एसपी रैंक के अधिकारियों की निगरानी में टीमें काम कर रही हैं ये टीमें बैसरन घाटी में हुए हमले के चश्मदीदों से विस्तार से पूछताछ कर रही हैं, ताकि पूरे घटनाक्रम को समझा जा सकें

.....................................................................

सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर आज अलवर दौरे पर हैं उन्होंने विवेकानंद स्मारक में एक ट्रस्ट की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कीं श्री माथुर ने ई–गुरुकुल–डिजिटल लाइब्रेरी कार्यक्रम के तहत 101 पुस्तकालयों की संकल्पना और दो मोबाइल ई–लाइब्रेरी का लोकार्पण कियां इस दौरान उन्होंने स्वामी विवेकानंद ई–गुरुकुल का उद्घाटन भी कियां साथ ही पौधारोपण भी कियां कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव और राज्य के वनमंत्री संजय शर्मा भी उपस्थित रहें

.....................................................................

कोटा में आज भगवान परशुराम के प्राकट्य महोत्सव के तहत शोभायात्रा निकाली जायेगीं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इसमें भाग लेंगें ये शोभायात्रा शहर के विभिन्न मार्गो से होकर परशुराम वाटिका पंहुचेगी, जहां 251 दीपो से आरती की जायेगीं इस दौरान पहलगाम आतंकी हमले में जान गवाने वाले लोगों को श्रद्धाजंलि दी जायेगीं उधर भरतपुर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर कार्यक्रमों की आज से शुरूआत हो रही हैं

.....................................................................